# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

2nd Term Test – 2018

Sub: HINDI TEXT  Class: 3B  F.M: 54

Duration: 1hr 30 mins.  Date: 30.07.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) एक शब्द में उत्तर दो :- (1*4=4)

क) महाराज पांडु के कितने पुत्र थे ?

ख) अर्जुन किस शस्त्र को चलाने में निपुण थे ?

ग) घोड़े का मालिक कौन था ?

घ) बकरी किसकी थी ?

2) शब्दों के अर्थ लिखो:- (1*4=4)

मति ,कुशल ,निर्बल ,दूभर

3) खाली जगह भरो :- (1*4=4)

क) भीम ____________ चलाने में कुशल थे |

ख) पांडव में ______________ सबसे बड़े थे |

ग) खरगोश घोड़े की बातों से ____________हो गया |

घ) मुझे अपनी ______________पर विश्वास करना चाहिए |

(खंड ख)

4) प्रश्न - उत्तर:-

क) खरगोश के लिए बिल से निकलना क्यों मुश्किल हो गया ? (3)

ख) राजा द्रुपद ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए क्या शर्त रखी? (3)

ग) गाय ने क्या कहकर खरगोश की सहायता नहीं की ? (3)

5) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो :- (1*3=3)

i) हमारे देश में पांडु ______________

ii) जंगल का राजा अपने साथियों के साथ ______________

iii) खरगोश के न होने से ______________

6) किसने किससे कहा ? (1*3=3)

क) "मेरे मित्र भला कहाँ-कहाँ मेरी सहायता करेंगे |"

ख) "सरकार ! आपके मुँह से बदबू आ रही है |"

ग) "मुझे चिड़िया के पंख दिखाई देते हैं |"

7) वाक्य सही करके लिखो :- (1*3=3)

क) खरगोश बड़ा सोता था|

ख) खरगोश के मित्रों ने उसकी सहायता की |

ग) भीम ने राजा द्रुपद की शर्त पूरी की |

**(खंड – ग)**

8) बड़े प्रश्न :-

क) पहले शिष्य को बाण चलाने की आज्ञा क्यों नहीं मिली ? (5)

ख) बाण चलाने की आज्ञा किसे मिली और क्यों ? (1+4=5)

ग) पाँचों पांडव के नाम लिखो और बताओ द्रोणाचार्य कौन थे ? (2+2=4)

9) निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

निश्चय , परीक्षा ,निराश ,तारीफ़, फुर्तीला

10) "सच्चा मित्र" कविता की आरंभ की चार लाइनें लिखो और अपने सच्चे मित्र का नाम लिखो।

(4+1=5)

Poonam Mehra
24.07.18

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**2nd Term Test – 2018**

**Sub:** HINDI TEXT **Class:** 3B **F.M:** 54

**Duration:** 1hr 30 mins. **Date:** 30.07.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) एक शब्द में उत्तर दो :- (1*4=4)

क) पाँच

ख) धनुष बाण

ग) बड़ा किसान

घ) मज़दूर की

2) शब्दों के अर्थ लिखो:- (1*4=4)

मति - बुद्धि , कुशल - होशियार ,निर्बल - कमज़ोर ,दूभर- मुश्किल

3) खाली जगह भरो :- (1*4=4)

क) गदा ख) युधिष्ठिर ग) निराश घ) टाँगों

**(खंड ख)**

4) प्रश्न - उत्तर:-

क) खरगोश के लिए बिल से निकलना मुश्किल हो गया क्योंकि जंगल में एक मोटा ताज़ा जंगली कुत्ता आ गया , जो हमेशा खरगोश की ताक में रहता था |इसलिए खरगोश अधिकतर बिल में ही छिपा रहता | (3)

ख) राजा द्रुपद ने अपनी पुत्री के लिए शर्त रखी कि जो कोई तेल के कड़ाह में देखकर ऊपर लटकी मछली की आँख को अपना निशाना बनायेगा , उसी से अपनी पुत्री द्रौपदी का विवाह होगा | (3)

ग) गाय ने कहा कि कुत्ता तगड़ा और फुर्तीला है |यदि उसका वार चूक गया तो वह उसे नोच खायेगा इसलिए उसने खरगोश कि सहायता नहीं की| (3)

5) पाठ के अनुसार वाक्य पूरे करो :- (1*3=3)

i) नामक राजा राज्य करते थे |

ii) बड़े आराम से रहता था |

iii) चारों मित्र भी उदास रहने लगे |

6) किसने किससे कहा ? (1*3=3)

क) खरगोश ने बकरी से कहा |

ख) भेड़िये ने सिंह से कहा |

ग) दूसरे शिष्य ने गुरूजी से कहा |

7) वाक्य सही करके लिखो :- (1*3=3)

क) खरगोश बड़ा चंचल था|

ख) खरगोश के मित्रों ने उसकी सहायता नहीं की |

ग) अर्जुन ने राजा द्रुपद की शर्त पूरी की |

**(खंड – ग)**

8) बड़े प्रश्न :-

क) गुरु द्रोणाचार्य ने जब पहले शिष्य से पूछा कि उसे क्या दिखाई दे रहा है , तो उसने उत्तर दिया कि उसे पेड़ , चिड़िया , पत्ता सब दिखाई दे रहें हैं | उसने अपने लक्ष्य कि ओर ध्यान नहीं दिया | इसलिए पहले शिष्य को बाण चलाने की आज्ञा नहीं मिली| (5)

ख) बाण चलाने की आज्ञा अर्जुन को मिली | अर्जुन को इसलिए मिली क्योंकि गुरूजी के पूछने पर उसने कहा कि उसे केवल चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है |अर्जुन का ध्यान केवल चिड़िया की आँख पर था ,यानि उसका ध्यान केवल अपने लक्ष्य पर था| (1+4=5)

ग) पाँचो पांडव के नाम हैं - युधिष्ठिर ,अर्जुन, भीम , नकुल और सहदेव | द्रोणाचार्य उनके गुरु थे जो उन्हें अस्त्र शास्त्र की भी शिक्षा देते थे | (2+2=4)

9) निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

निश्चय -- मैंने हमेशा सच बोलने का निश्चय किया |

परीक्षा - मैंने परीक्षा की तैयारी कर ली |

निराश - मुसीबत में निराश नहीं होना चाहिए |

तारीफ़ - मेरी कविता सुनकर सब ने मेरी तारीफ़ की |

फुर्तीला - चीता बहुत फुर्तीला जानवर है |

10) "सच्चा मित्र" कविता की आरंभ की चार लाइनें लिखो और अपने सच्चे मित्र का नाम लिखो।

(4+1=5)

करो मित्र की मदद हमेशा ,
तन मन धन से खुश होकर
उसको जो भी काम पड़े तुम ,
करो , उसे पूरा हँसकर।

मेरा सच्चा मित्र आकाश कपूर है